# मेवाड़ विश्वविद्यालय में हो रहे एनएसएस स्पेशल कैंप की गतिविधियां जारी



## कैंप के दूसरे दिन किया मानसिंह खेड़ा का सर्वेक्षण

सच मीडिया

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ विश्वविद्यालय में हो रहे एनएसएस स्पेशल कैंप के दूसरे दिन मे मानसिंह का खेड़ा का सर्वेक्षण किया। गांव में लोगों को स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान, महिला सशक्तिकरण, कोरोना महामारी के बारे में जागरूक किया। गांव के लोगो से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। करीब 80 वॉलंटियर ने इस कैंप में अपना योगदान दिया। कैंप की शुरूआत सुबह 4ए तापमान में योग, प्रभातफेरी, स्वच्छता अभियान से और समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। फिजियोथेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ युधिष्ठिर पंवार ने बेसिक लाइफ सपोर्ट पर एक वर्कशॉप की। उन्होंने बताया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन प्रक्रिया से कैसे घायल व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। कुलपति प्रोफेसर डॉ आलोक मिश्रा और प्रति-कुलपति डॉ आनन्द वर्द्धन शुक्ल की देखरेख में कैंप समन्वयक शिव कुमार, सुप्रिया चौधरी, दीपक मिश्रा, चंपा लाल, रुक्मणि यादव, मृदुला, ओम प्रकाश गुर्जर, तन्मय व्यास आदि सभी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यकर्म का संचालन आदर्श झा और मिताली झा ने किया।

## छोटी-बड़ी खबरे...

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में हो रहे एनएसएस स्पेशल कैंप की गतिविधियां जारी

## कैंप के दूसरे दिन किया मानसिंह खेड़ा का सर्वेक्षण



**राजस्थान दर्शन**

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ विश्वविद्यालय में हो रहे एनएसएस स्पेशल कैंप के दूसरे दिन मे मानसिंह का खेड़ा का सर्वेक्षण किया। गांव में लोगों को स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान, महिला सशक्तिकरण, कोरोना महामारी के बारे में जागरूक किया। गांव के लोगो से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। करीब 80 वॉलंटियर ने इस कैंप में अपना योगदान दिया। कैंप की शुरूआत सुबह 4ए तापमान में योग, प्रभातफेरी, स्वच्छता अभियान से और समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। फिजियोथेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ युधिष्ठिर पंवार ने बेसिक लाइफ सपोर्ट पर एक वर्कशॉप की। उन्होंने बताया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन प्रक्रिया से कैसे घायल व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। कुलपति प्रोफेसर डॉ आलोक मिश्रा और प्रति-कुलपति डॉ आनन्द वर्द्धन शुक्ल की देखरेख में कैंप समन्वयक शिव कुमार, सुप्रिया चौधरी, दीपक मिश्रा, चंपा लाल, रुक्मणि यादव, मृदुला, ओम प्रकाश गुर्जर, तन्मय व्यास आदि सभी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यकर्म का संचालन आदर्श झा और मिताली झा ने किया।

# भौगोलिक, सांस्कृतिक, और भाषाई दृष्टि से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है भारतः डॉ. सुमित कुमार पाण्डेय

## मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस कैम्प के विद्यार्थियों ने निकाली जनजागरुकता रैली



**चमकता राजस्थान.** चित्तौड़गढ़। भौगोलिक, सांस्कृतिक, और भाषाई दृष्टि से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है भारत। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं जो इतनी विविधता को समेटे हुए समरसता के साथ प्रगति कर रहा है। उक्त बातें मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय कैम्प के चौथे दिन दूसरे सत्र में बतौर मुख्य वक्ता पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सुमित कुमार ने कही। एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर विचार रखते हुए उन्होंने आगे कहा कि भारत में जितने मौसम हैं उतने किसी और देश में नहीं। भारत में विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बावजूद हम सब सहिष्णुता के साथ एक रहते हैं और यही बातें हमें सर्वश्रेष्ठ बनाती हैं। हमें क्षेत्रीयता, भाषा और संस्कृति के आधार पर विशाल दृष्टिकोण की जरूरत है। यदि हमने राष्ट्रीय एकता के महत्व को नहीं समझा तो कई ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकते हैं जो हमें आपस में लड़वा कर भारत की श्रेष्ठता को को छिन्न-भिन्न कर सकती हैं। इसलिये हमें किसी के बहकावे में आए बगैर एक-दूसरे की सांस्कृतिक अस्मिता का सम्मान करते हुए भारत राष्ट्र के लिए लगातार यत्न करते रहने होंगे। इसके पूर्व पहले सत्र में जल शक्ति और स्वच्छ भारत अभियान को ध्यान रखते हुए एनएसएस वालंटियर्स ने मान सिंह का खेड़ा ग्राम में जागरूकता रैली निकाली।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार नो बताया कि ग्रामीणों ने भी सहयोग करते हुए इस रैली में भाग लिया। रैली के दौरन एनएसएस वालंटियर्स ने साफ ??सफाई, पानी बचत, वृक्षारोपण जैसी जरूरी बातें बहुत ही सरल तरीके से गाँव के लोगों तक पहुँचाई। रैली के साथ वालंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

# भौगोलिक, सांस्कृतिक, और भाषाई दृष्टि से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है भारतः डॉ0 सुमित कुमार पाण्डेय

## मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस कैम्प के विद्यार्थियों ने निकाली जनजागरुकता रैली

राजस्थान दर्शन





**चित्तौड़गढ़।** भौगोलिक, सांस्कृतिक, और भाषाई दृष्टि से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है भारत। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं जो इतनी विविधता को समेटे हुए समरसता के साथ प्रगति कर रहा है। उक्त बातें मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय कैम्प के चौथे दिन दूसरे सत्र में बतौर मुख्य वक्ता पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सुमित कुमार ने कही। एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर विचार रखते हुए उन्होंने आगे कहा कि भारत में जितने मौसम हैं उतने किसी और देश में नहीं। भारत में विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बावजूद हम सब सहिष्णुता के साथ एक रहते हैं और यही बातें हमें सर्वश्रेष्ठ बनाती हैं। हमें क्षेत्रीयता, भाषा और संस्कृति के आधार पर विशाल दृष्टिकोण की जरूरत है। यदि हमने राष्ट्रीय एकता के महत्व को नहीं समझा तो कई ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकते हैं जो हमें आपस में लड़वा कर भारत की श्रेष्ठता को को छिन्न-भिन्न कर सकती हैं। इसलिये हमें किसी के बहकावे में आए बगैर एक-दूसरे की सांस्कृतिक अस्मिता का सम्मान करते हुए भारत राष्ट्र के लिए लगातार यत्न करते रहने होंगे।

इसके पूर्व पहले सत्र में जल शक्ति और स्वच्छ भारत अभियान को ध्यान रखते हुए एनएसएस वालंटियर्स ने मान सिंह का खेड़ा ग्राम में जागरूकता रैली निकाली। मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार नो बताया कि ग्रामीणों ने भी सहयोग करते हुए इस रैली में भाग लिया। रैली के दौरन एनएसएस वालंटियर्स ने साफ ??सफाई, पानी बचत, वृक्षारोपण जैसी जरूरी बातें बहुत ही सरल तरीके से गाँव के लोगों तक पहुँचाई। रैली के साथ वालंटियर्स ने नुककड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को कोरोना महामहामारी के प्रति जागरूक किया गया। मास्क और सैनिटाइजर की सीख देते हुए सावधानी बरतने के तरीके भी सिखाए गए। तीसरे सत्र में एनएसएस वालंटियर्स ने नो फ्लेम कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बिना आग की सहायता लिए व्यंजन तैयार किए गए। सांध्यकालीन सत्र में विभिन्न सांकृतिक कार्यक्रमों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन बीए पत्रकारिता की प्रथम वर्ष की छात्रा सान्द्रा के. एस. ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस गान, कुलगीत व सरस्वती वंदना से तथा समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मेवाड़ विश्वविद्यालय में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर जारी

# भौगोलिक, सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ भारत : डॉ. पाण्डेय

**गंगरार, 8 जनवरी (जसं.)।** भौगोलिक, सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश है भारत, दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं जो इतनी विविधता को समेटे हुए समरसता के साथ प्रगति कर रहा है।

यह बात मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय कैम्प के चौथे दिन दूसरे सत्र में बतौर मुख्य वक्ता पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि भारत में जितने मौसम हैं, उतने किसी और देश में नहीं। भारत में विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बावजूद हम सब सहिष्णुता के साथ एक रहते हैं, यही बातें हमें सर्वश्रेष्ठ बनाती हैं। हमें क्षेत्रीयता, भाषा और संस्कृति के आधार पर विशाल दृष्टिकोण की जरूरत है। यदि हमने राष्ट्रीय एकता के महत्व को नहीं समझा तो कई ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकते हैं जो हमें आपस में लड़वा कर भारत की श्रेष्ठता को को छिन्न -भिन्न कर सकती हैं। इसलिये हमें किसी के बहकावे में आए बगैर एक दूसरे की सांस्कृतिक अस्मिता का सम्मान करते हुए भारत राष्ट्र के लिए लगातार प्रयत्न करते रहने होंगे। इसके पूर्व पहले सत्र में जल शक्ति और स्वच्छ भारत अभियान को ध्यान रखते हुए एनएसएस वालंटियर्स ने मान सिंह का खेड़ा ग्राम में जागरुकता रैली निकाली। मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने भी सहयोग करते हुए इस रैली में भाग लिया। रैली के दौरन एनएसएस वालंटियर्स ने साफ-सफाई, पानी बचत, वृक्षारोपण जैसी जरूरी बातें बहुत ही सरल तरीके से गांव के लोगों तक पहुंचाई। रैली के साथ वालंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन कर लोगों को कोरोना महामहामारी के प्रति जागरुक किया। मास्क और सैनिटाइजर की सीख देते हुए सावधानी बरतने के तरीके भी सिखाए गए। तीसरे सत्र में एनएसएस वालंटियर्स ने नो फ्लेम कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बिना आग की सहायता लिए व्यंजन तैयार किए गए। सांध्यकालीन सत्र में विभिन्न सांकृतिक कार्यक्रमों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन बीए पत्रकारिता की प्रथम वर्ष की छात्रा सान्द्रा केएस ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार ने की।

